सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

न्यायालय राजस्व अपील प्राधिकारी, बीकानेर
पीठासीन अधिकारी, डॉ0 राकेश कुमार शर्मा, आर.ए.एस.

अपील संख्या 46/18 **निर्णय दिनांकः 19.04.2018**

1. पोकरराम पुत्र रूगनाथ जाति सिद्व निवासी घंटियाली बड़ी, तहसील सुजानगढ़ जिला चूरू।

—अपीलांट्

—बनाम—

1. स्टेट ऑफ राजस्थान, जरिये तहसीलदार, खाजुवाला।

—रेस्पोडेन्ट्

अपील विरूद्व आज्ञा दिनांक 10—03—1986
सहायक आयुक्त उपनिवेशन,छत्तरगढ़ मु. बीकानेर

उपस्थितिः—

1. श्री रामकुमार सिंह भाटी, अभिभाषक अपीलांट्
2. श्री नन्दराम कासनियॉ, राजकीय अभिभाषक

—निर्णय—

1. अपीलांट ने यह अपील सहायक आयुक्त उपनिवेशन, छत्तरगढ़ मु. बीकानेर के निर्णय दिनांक 10—03—1986 जिसके द्वारा अपीलांट् को पूर्व में अन्य को आवंटित भूमि का आवंटन किया गया, के विरूद्व इस न्यायालय में राजस्थान उपनिवेशन (इगानप योजना में सरकारी कृषि भूमि आवंटन व विक्रय नियम) 1975 के नियम 23 के अन्तर्गत प्रस्तुत की है।

2. विद्वान अभिभाषक उभय पक्ष की बहस सुनी गई।

3. विद्वान अभिभाषक अपीलांट् ने अपनी बहस में बताया कि अपीलांट के पति/पिता को बतौर भूमिहीन उपनिवेशन तहसील छत्तरगढ़ के चक 5 डीएल के मुरब्बा नम्बर 149/8 के किला नम्बर 1 ता 25 में 25 बीघा अनकमाण्ड तथा मुरब्बा नम्बर 150/9 के किला नम्बर 1 ता 25 में 25 बीघा अनकमाण्ड इस प्रकार कुल 50 बीघा अनकमाण्ड भूमि का आवंटन किया गया। परन्तु उक्त भूमि पूर्व में ही वन विभाग को आवंटित होने तथा मौके पर वन विभाग की तारबन्दी होने के कारण अपीलांट को उक्त भूमि का कब्जा प्राप्त नहीं हुआ। विवादित भूमि डबल आवंटन होने पर अपीलांट को पुनः तहसील छत्तरगढ़ के चक 4 एडीएम के मुरब्बा नम्बर 225/47 के किला नम्बर 1 ता 25 में 25 बीघा अनकमाण्ड व मुरब्बा नम्बर 225/28 के किला नम्बर 1 ता 25 की 25 बीघा अनकमाण्ड इस प्रकार कुल 50 बीघा भूमि का आवंटन दिनांक 10—03—1986 को किया गया तथा आवंटन पट्टा भी जारी कर दिया गया। परन्तु उक्त भूमि में से मुरब्बा नम्बर 225/28 की 19 बीघा 14 बिस्वा भूमि जरिये पुख्ता आवंटन व 4 बीघा 16 बिस्वा भूमि स्मालपेच आवंटन में इस प्रकार कुल 24 बीघा 10 बिस्वा भूमि जवरीलाल पुत्र मदनलाल जाति बिश्नोई निवासी रोटू तहसील जायल जिला नागौर को व मुरब्बा नम्बर 225/47 की 22 बीघा भूमि महावीर सिंह पुत्र मालूसिंह जाति राजपूत निवासी भरपालसर तहसील रतनगढ़ जिला चूरू को आवंटित होने के कारण अपीलांट को उक्त भूमि का कब्जा नहीं मिला ना ही रिकार्ड में अंकन हो सका। इसमें अपीलांट का कोई दोष नहीं है। अपीलांट एक गरीब काश्तकार है जिसकी आय का एक मात्र स्त्रोत खेती ही है। अपीलांट आज भी भूमिहीन व्यक्ति है।

राज्य सरकार के भी ऐसे आदेश है कि ऐसे भूमिहीन व्यक्तियों को वरीयता देकर अन्यत्र भूमि दी जावे। चूंकि अपीलांट को आवंटित भूमि पूर्व से ही आवंटनशुदा भूमि है इसलिए अपीलांट अन्य भूमि पाने का पात्र है। अदालत मातहत को अपीलांट के आवंटन को निरस्त करते हुए अन्य भूमि आवंटित की जानी चाहिए थी लेकिन अदालत मातहत द्वारा अपीलांट का आवंटन न तो निरस्त किया न ही उसकी एवज में अन्यत्र भूमि के आदेश पारित नहीं किये है। जबकि अपीलांट की पात्रता आज दिनांक तक कायम है। ऐसी स्थिति में अपीलाधीन आदेश क्षेत्राधिकार से बाहर जाकर किया

गया आदेश है। अतः अपीलांट की अपील स्वीकार फरमाई जाकर अपीलाधीन आदेश निरस्त किया जावे व आवंटन अधिकारी को निर्देश प्रदान करावें कि अपीलांट को उसकी पात्रता अनुसार उसी किस्म की अन्य भूमि आवंटित की जावे।

उन्होंने मियांद पर बताया कि अपीलाधीन आदेश एकतरफा क्षेत्राधिकार से बाहर है। जिसमें मिंयाद अधिनियम बाघक नहीं है। अपील के साथ धारा 5 मियांद अधिनियम का प्रार्थना पत्र मय शपथ पत्र पेश है। अतः अपील अन्दर मियांद घोषित की जावे।

4. विद्वान राजकीय अभिभाषक ने कथन किया कि अपीलांट ने अपीलाधीन आदेश दिनांक 10—03—1986 के विरूद्व अपील दिनांक 24—11—17 को पेश की है। जोकि विलम्ब से पेश की है। इसलिए अपील मिंयाद बाहर है। मियांद प्रार्थना पत्र में मियांद कण्डोन करने का कोई संतोषजनक कारण अंकिन नहीं किया है। अपीलांट को आवंटित भूमि पूर्व में ही अन्य को आवंटनशुदा भूमि है। अतः उक्त आराजी अपीलांट को नहीं मिल सकती। अब अपीलांट किसी प्रकार का अनुतोष प्राप्त करने का अधिकारी नहीं है। अतः अपील खारिज फरमाई जावे।

5. विद्वान अभिभाषक उभय पक्ष की बहस पर मनन किया गया एवं पत्रावली का विधि के परिप्रेक्ष्य में अध्ययन किया गया।

6. जहॉ तक मियांद का प्रश्न है, अपीलाधीन आदेश दिनांक 10—03—1986 को पारित किया गया है। जिसके विरूद्व अपील 24—11—2017 को पेश की गई है। अपील के साथ धारा 5 मियांद अधिनियम का प्रार्थना पत्र मय शपथ पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिसके खण्डन में राज्य पक्ष द्वारा कोई काउण्टर शपथ पत्र पेश नहीं किया गया हैं। अतः प्रार्थी के शपथ पत्र पर विश्वास करते हुए अपील में हुए विलम्ब को दरगुजर करते हुए अपील अन्दर मियांद घोषित की जाती है।

7. (1) हस्तगत् प्रकरण में अपीलांट द्वारा सामान्य/भूमिहीन के तौर पर आवंटन हेतु प्रार्थना पत्र दिये जाने पर सलाहकार समिति की राय से उपनिवेशन तहसील छत्तरगढ़ के चक 5 डीएल के मुरब्बा नम्बर 149/8 के किला नम्बर 1 ता 25 में 25 बीघा अनकमाण्ड तथा मुरब्बा नम्बर 150/9 के किला नम्बर 1 ता 25 में 25 बीघा अनकमाण्ड इस प्रकार कुल 50 बीघा अनकमाण्ड भूमि का आवंटन किया गया। परन्तु उक्त भूमि पूर्व में ही वन विभाग को आवंटित होने तथा मौके पर वन विभाग की तारबन्दी होने के कारण अपीलांट को उक्त भूमि का कब्जा प्राप्त नहीं हुआ।

अपीलांट को आवंटित भूमि डबल आवंटन होने पर अपीलांट को पुनः तहसील छत्तरगढ़ के चक 4 एडीएम के मुरब्बा नम्बर 225/47 के किला नम्बर 1 ता 25 में 25 बीघा अनकमाण्ड व मुरब्बा नम्बर 225/28 के किला नम्बर 1 ता 25 की 25 बीघा अनकमाण्ड इस प्रकार कुल 50 बीघा भूमि का आवंटन दिनांक 10—03—1986 को किया गया तथा आवंटन पट्टा भी जारी कर दिया गया। परन्तु उक्त भूमि में से मुरब्बा नम्बर 225/28 की 19 बीघा 14 बिस्वा भूमि जरिये पुख्ता आवंटन व 4 बीघा 16 बिस्वा भूमि स्मालपेच आवंटन में इस प्रकार कुल 24 बीघा 10 बिस्वा भूमि जवरीलाल पुत्र मदनलाल जाति बिश्नोई निवासी रोटू तहसील जायल जिला नागौर को व मुरब्बा नम्बर 225/47 की 22 बीघा भूमि महावीर सिंह पुत्र मालूसिंह जाति राजपूत निवासी भरपालसर तहसील रतनगढ़ जिला चूरू को आवंटित होने के कारण अपीलांट को उक्त भूमि का कब्जा नहीं मिला ना ही रिकार्ड में अंकन हो सका।

(2) जहॉ तक अपीलांट को आराजी जैर के आवंटन का संबंध है, अपीलांट को आवंटन, आवंटन सलाहकार समिति व अध्यक्ष आवंटन समिति की राय से बाद जॉच ही आवंटन किया गया था। अदालत मातहत द्वारा आवंटन से पूर्व इस तथ्य पर गौर नहीं किया गया ना ही जॉच नहीं की गई, कि आवंटन दिनांक को उक्त आराजी जैर शुद्व रूप से आवंटन हेतु उपलब्ध थी अथवा नहीं? अदालत माताहत का उक्त कृत्य धोर लापरवाही का द्योतक है। अदालत मातहत द्वारा की गई चूक अथवा लापरवाही का खामियाजा अपीलांट को नहीं मिल सकता।

(3) अपीलांट को पूर्व में अन्य आवंटियों को आवंटित भूमि का आवंटन किया गया है। प्रकरण में आवंटन अधिकारी की चूक या कर्मचारियों की लापरवाही का खामियाजा आवंटी को नहीं दिया जा सकता। अदालत मातहत को आवंटन से पूर्व इस तथ्य की जॉच की जानी चाहिए थी कि क्या आराजी जैर आवंटन दिनांक को अपीलांट की पात्रता अनुसार शुद्व रूप से भूमिहीन श्रेणी में आवंटन हेतु उपलब्ध थी अथवा नहीं। अदालत मातहत द्वारा इस तथ्य की जॉच किये बिना अपीलांट को पूर्व में आवंटित भूमि का आवंटन किया गया है। जो स्पष्ट रूप से अयुक्तियुक्त आवंटन है।

(4) यहॉ यह उल्लेखनीय है कि प्रकरण में अपीलांट द्वारा अदालत मातहत के समक्ष आवंटन पश्चात् रिकार्ड में अमलदरामद हेतु बार—बार सम्पर्क किया जाता रहा है। अदालत मातहत की पत्रावली के अवलोकन से स्पष्ट है कि उनके द्वारा अपीलांट की पत्रावली पर कोई कार्यवाही आज दिनांक तक नहीं की गई है। अपीलांट अन्तहीन समय तक अपने आवंटन के अमल दरामद हेतु इंतजार नहीं कर सकता। अदालत मातहत द्वारा ना तो अपीलांट का आवंटन खारिज किया गया ना ही अपीलांट के आवंटन का अमल दरामद किया गया। अततः अपीलांट को न्यायालय की शरण के अलावा अन्य कोई विकल्प नहीं बचता।

(5) अदालत मातहत को तत्समय ही अपीलांट के आवंटन की पुष्टि करते हुए अपीलांट को आराजी जैर का कब्जा सुपुर्द करते हुए रिकार्ड में अमलदरामद किया जाना चाहिए था। अदालत मातहत द्वारा इस तथ्य पर कोई गौर किये बिना अपीलांट को अन्य को आवंटित भूमि का आवंटन किया गया है। अदालत मातहत की इस प्रकार की कार्यवाही किसी प्रकार से युक्तियुक्त/न्यायसंगत कार्यवाही नहीं कही जा सकती। अदालत मातहत व उसके अधीन कार्यरत कर्मचारी/पटवारी की उदासिनता या लापरवाही का दण्ड अपीलांट को नहीं दिया जा सकता।

(6) अदालत मातहत द्वारा अपीलांट का आवंटन आज दिनांक तक निरस्त नहीं किया गया है। अपीलांट की पात्रता आज दिनांक तक कायम है।

(7) चूंकि अदालत मातहत द्वारा अपीलांट को ऐसी भूमि का आवंटन किया गया है, जो पूर्व में अन्य को आवंटित होने के कारण अपीलांट भूमिहीन श्रेणी की विवादरहित् भूमि अन्यत्र प्राप्त करने का अधिकारी है।

8. अतः उपरोक्त विवेचना के आधार पर अपीलांट् की अपील आंशिक स्वीकार की जाती है व अपीलाधीन आदेश दिनांक 10–03–1986 निरस्त किया जाकर प्रकरण अधिनस्थ न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, खाजुवाला को इस निर्देश के साथ प्रतिप्रेषित किया जाता है कि अपीलांट को नियमानुसार उसकी पात्रता की जॉच करते हुए भूमिहीन श्रेणी की विवादरहित भूमि उपलब्ध होने पर नियमानुसार कार्यवाही की जावे।

9. निर्णय मेरे द्वारा लिखाया जाकर आज दिनांक 19.04.2018 को सरे इजलास सुनाया गया।

(डॉ0 राकेश कुमार शर्मा)
राजस्व अपील प्राधिकारी
बीकानेर